प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली में मानेकशॉ केन्द्र में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय के इस आयोजन में महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी उपस्थित रहेंगी। मंत्रालय ने कहा है कि कार्यक्रम में सशस्त्र बल, पुलिस और अन्य क्षेत्रों सहित 150 मंत्रालयों, विभागों और संगठनों से लगभग एक हजार महिलाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम में दो पैनल चर्चाएं भी होंगी। पहली चर्चा श्रम संहिता–महिला सशक्तीकरण पर और दूसरी चर्चा स्वय सहायता समूह की महिला उद्यमियों पर केंद्रित होगी।

****

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल रांची रेल मंडल एक अनूठी मिसाल पेश करेगा। रांची से इरगांव के बीच एक विशेष महिला ट्रेन चलाई जाएगी, जिसका संचालन पूरी तरह से महिला रेलकर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस ट्रेन को कल सुबह साढ़े आठ बजे रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक ए से रवाना किया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह ने दी है।

****

जमशेदपुर में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट निर्माण की मांग को लेकर बिष्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क के पास एक दिवसीय धरना दिया। इसमें चैंबर के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। अध्यक्ष मानव केडिया ने कहा कि वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का शिलान्यास किया था, लेकिन अबतक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

****

लोहरदगा में आयोजित साहित्य एवं फिल्म महोत्सव "अखड़ा आलाप" का आज दूसरा दिन है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि ऐसे महोत्सव युवाओं को साहित्य से जुड़ने और सीखने का अवसर देते हैं। पैनल चर्चा में कवयित्री डॉक्टर पार्वती ने युवाओं को पुरखों की परंपराओं से सीखने की बात कही, जबकि साहित्यकार महादेव टोप्पो ने प्रकृति के साथ संतुलित विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

****

रांची स्थित जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। हाल ही में हुए चुनाव में राज्यसभा सांसद खीरू महतो को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया था। इसी क्रम में झारखंड के सभी जिलाध्यक्षों का भी चुनाव संपन्न कराया गया।

****

पाकुड़ के सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में आज कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से उद्यान महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें किसानों ने अपनी फसल, साग–सब्जी, अनाज और फलों की प्रदर्शनी लगाई, वहीं मधुमक्खी पालन करने वाले किसानों ने भी अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। मेले में जिले के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बिना रासायनिक खाद के आधुनिक खेती, मिट्टी जांच तथा कीट प्रबंधन की जानकारी दी।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र के रसुनचोपा गांव में आज बच्चा चोरी के शक में ग्रामीणों ने एक युवक और युवती को पकड़ लिया। दोनों पर संदेह जताते हुए ग्रामीणों ने उनसे पूछताछ की और इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट भी कर दी।

****

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च नवमी को समाप्त होगी। मान्यता के अनुसार घरों में मां दुर्गा की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है और उनके नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है।

****

मौसम विभाग ने आज से अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण रांची सहित पूर्वी जिलों में मेघ गर्जन, तेज हवा और वज्रपात की संभावना जताई गई है। प्रशासन ने लोगों को खुले मैदान और पेड़ों से दूर रहने की सलाह दी है।

*******समाप्त**********